मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 43 | अंक : 16 | गुरुवार, 20 मार्च 2025 | पृष्ठ 4 | 3 रुपए

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. | Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas | ulhasvikas@gmail.com | epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें

**अमरूद बेचने वाली महिला से इंप्रेस हुई प्रियंका चोपड़ा**

# उल्हासनगर मनपा में टीडीआर घोटाला

- राज्य सरकार ने आयुक्त को जांच के आदेश दिए

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका में करोड़ों रुपए का टीडीआर घोटाला उजागर हुआ है। इसमें मनपा के तत्कालीन आयुक्त और संयुक्त निदेशक नगर नियोजक पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। राज्य सरकार ने इस घोटाले की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। टीडीआर, डीआरसी और आरसीसी का उपयोग करके निर्मित सभी निर्माणों की अनुमति अस्थायी रूप से रद्द कर दी गई है। इसलिए शहर के हजारों निवासी और व्यापारी इस मामले से भयभीत हैं। संभावना है कि अवैध निर्माण समेत भू-माफिया की पूरी चेन उजागर हो जाएगी। इस बड़े घोटाले का पर्दाफाश जनशक्ति और राष्ट्र कल्याण पक्ष ने किया है।



उल्हासनगर शहर की योजना में हस्तक्षेप करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों ने निर्माण पेशेवरों के साथ मिलीभगत करके फर्जी टीडीआर और डीआरसी प्रमाणपत्रों के आधार पर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण की अनुमति दी। परिणामस्वरूप, इस संपूर्ण कुप्रबंधन के कारण शहर की विकास योजना का गंभीर उल्लंघन हुआ। प्रहार जनशक्ति पक्ष के ठाणे जिला अध्यक्ष एड. स्वप्निल पाटिल और राष्ट्र कल्याण पार्टी के शैलेश तिवारी ने घोटाले का पता चलने के बाद जांच की मांग की थी; हालाँकि, बाद में इन नेताओं के खिलाफ उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया था. लेकिन इन दलों के नेताओं ने किसी दबाव के आगे झुके बिना मामले को आगे बढ़ाना जारी रखा। फिलहाल इस जबरन वसूली मामले की जांच उल्हासनगर क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं....**

- संपत्ति खरीदते समय सभी दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए।
- टीडीआर, डीआरसी और आरसीसी का उपयोग करके निर्माण से संबंधित लेन-देन आधिकारिक दस्तावेजों की जांच के बाद ही किया जाना चाहिए।
- भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं और सच्चाई सामने लाने वाली पार्टियों का समर्थन करें।

### सभी अनुमतियाँ रद्द करें

राज्य सरकार ने 4 मार्च को एक आदेश जारी कर घोटाले की गहन जांच के निर्देश दिए। मनपा आयुक्त को भी पूरे मामले पर रिपोर्ट देने को कहा गया है। जिन भवनों में टीडीआर, डीआरसी और आरसीसी का उपयोग किया गया है, उनके परमिट निलंबित कर दिए गए हैं। निर्माण पेशेवरों और भू-माफियाओं की पूरी श्रृंखला की भी जांच शुरू कर दी गई है।

**राज्य सरकार को जल्द सौंपी जाएगी रिपोर्ट**



टीडीआर घोटाले के संबंध में एक पत्र प्राप्त हुआ है और तदनुसार जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही, इस जांच की रिपोर्ट जल्द ही राज्य सरकार को सौंप दी जाएगी।
– मनीषा आव्हाले आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका

**गहन जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग**

टीडीआर घोटाला एक गंभीर मामला है जो शहरी नियोजन में बाधा डालता है तथा नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है। भ्रष्ट नगरपालिका अधिकारियों ने नियमों को दरकिनार करने के लिए निर्माण पेशेवरों के साथ मिलीभगत की। हमने इस मामले की गहन जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसमें शामिल सभी लोगों के नाम जल्द ही उजागर कर दिए जाएंगे। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक दोषियों को सज़ा नहीं मिल जाती।
–एड. स्वप्निल पाटिल, शिकायतकर्ता

# अंबरनाथ घरपट्टी विभाग ने 17 संपत्ति को किया सील



- गृहकर नहीं भरनेवालों में मची खलबली
- 31 मार्च तक 52 करोड़ वसूलने का लक्ष्य : मुख्याधिकारी

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद मुख्याधिकारी के आदेश पर गृहकर विभाग ने शहर में सख्ती के साथ संपत्ति कर वसूलने के लिए गोदामों दुकानों को सील मारना शुरू कर दिया है. एक लाख से ज्यादा गृहकर बकाया लोगों की संपत्ति को सील किया जा रहा है. बुधवार को गृहकर (घर पट्टी) विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे के नेतृत्व में 5 जगह सील लगाए गए हैं. इससे पूर्व 12 जगह को सील किया गया था. आज तक कुल 17 मालमत्ता को सील किया गया है. ऐसा संखे ने हमें बताया है. 6 जगह मालिकों ने उन्हें चेक भी दिया है.

मुख्याधिकारी ने बताया कि अंबरनाथ नपा के आय का स्रोत घर पट्टी है. मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ के आदेश पर विशेष मालमत्ता कर वसूली मुहिम शुरू की गई है. कर वसूली से ही शहर का विकास किया जाता है. गायकवाड़ ने कर अधिकारी नरेंद्र संखे, निरीक्षक प्रशांत राणे, नवनीत देवरे की विशेष बैठक बुलाकर आदेश दिया है कि जो कर नहीं भरते हैं, उनकी संपत्ति को सील करो और जब्ती के लिए नोटिस जारी करने को कहा है. 17 मार्च से कार्रवाई शुरू है. नपा को कुल 52 करोड़ रुपए जमा करना है. अब तक 80% कर जमा कर लिया गया है. हमारा उद्देश्य इस वर्ष 100% कर वसूली का है. ऐसा गायकवाड़ ने कहा है.

संखे ने कहा है कि 31 मार्च तक घर पट्टी, वाणिज्य मालमत्ता को सील करने की कार्रवाई जारी रहेगी. शनिवार, रविवार को भी घर पट्टी विभाग का कारोबार शुरू रहेगा. ऐसा उन्होंने कहा है. कर वसूली की कार्रवाई से शहर में मालमत्ता कर नहीं भरने वालों में खलबली मची हुई है.

# ESIS अस्पताल उल्हासनगर का दौरा

**उल्हासनगर.** स्थानीय कैंप क्रमांक 3 स्थित वर्षों पुराने राज्य बीमा निगम अस्पताल को तोड़कर नए सिरे से बनाया जा रहा है. निर्माण कार्य की स्थिति जानने के लिए बुधवार को संबंधित अस्पताल महकमे के उच्च अधिकारियों द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल उल्हासनगर का दौरा किया. इस अवसर पर बीमा आयुक्त पश्चिम क्षेत्र रामजी लाल मीना, चिकित्सा आयुक्त डॉ गुंजन गुप्ता, क्षेत्रीय निदेशक महाराष्ट्र सुधाकर सिंह, संयुक्त निदेशक (प्रभारी) अभिलाशा झा, उप क्षेत्रीय कार्यालय ठाणे और डॉ विलास डोंगरे, चिकित्सा अधीक्षक, ESI उल्हासनगर अस्पताल ने उल्हासनगर अस्पताल के निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया.

# उल्हासनगर मनपा ने तोड़ा कर वसूली का रिकार्ड

- 123 करोड़ 76 लाख से अधिक संपत्ति कर वसूला
- अभय योजना से मनपा के खजाने में 49 करोड़ 53 लाख रुपए जमा







**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने उल्हासनगर निवासियों के लिए संपत्ति कर का भुगतान करने हेतु तीन-चरणीय योजना लागू की थी। 24 फरवरी से 18 मार्च के बीच हुए तीन चरणों वाले इस प्रोजेक्ट में मनपा के खजाने में 49 करोड़ 53 लाख रुपए जमा हो चुके हैं। इस बार पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए कुल वसूली 123 करोड़ 76 लाख से अधिक हो गई है। वसूली को और बढ़ाने के लिए अभय योजना को 22 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। चालू वर्ष 2024-25 की 23 फरवरी तक 74 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है।

इसी तरह, आयुक्त मनीषा आव्हाले द्वारा योजना की घोषणा के बाद, 24 फरवरी से 6 मार्च तक 100 प्रतिशत ब्याज और जुर्माना माफी के पहले चरण में, केवल 11 दिनों में 117 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई, जिसने पिछले वर्ष के 112 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

इसके बाद 7 से 12 मार्च तक दूसरे चरण में 75 प्रतिशत जुर्माना व ब्याज माफी तथा 13 से 18 मार्च तक तीसरे व अंतिम चरण में 50 प्रतिशत जुर्माना व ब्याज माफी का प्रावधान किया गया। इस प्रकार अभय योजना के इन तीनों चरणों में 49 करोड़ 53 लाख रुपए राजकोष में जमा हो चुके हैं तथा कुल वसूली 123 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक हो चुकी है।

इसके लिए आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेश पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त विशाखा मोटघरे, सहायक आयुक्त अजय साबले और कर निर्धारण अधिकारी व कलेक्टर नीलम कदम की टीम ने कड़ी मेहनत की है।

अन्य विभागों में स्थानांतरित किए गए सचिन वानखड़े, मनोज गोकलानी, गणेश शिंदे आदि की संपत्तिकर विभाग में वापसी का सकारात्मक प्रभाव महसूस किया गया है।

2023-24 में तत्कालीन आयुक्त अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और उपायुक्त प्रियंका राजपूत ने 112 करोड़ रुपए की वसूली का रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड अब आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेश पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त विशाखा मोटघरे और सहायक आयुक्त अजय साबले के मार्गदर्शन में कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम की टीम ने 123 करोड़ रुपये की वसूली करके तोड़ दिया है।

**अभय योजना 22 मार्च तक बढ़ी**

इस बीच, अभय योजना की समय सीमा 22 मार्च तक बढ़ा दी गई है। ब्याज और जुर्माने में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसलिए, कर निर्धारण अधिकारी और कलेक्टर नीलम कदम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए पहल करें, सहायक आयुक्त और जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने बताया।

**आशा कार्यकर्ताओं पर हमले के विरोध में**

# उल्हासनगर मनपा पर विरोध मार्च



**उल्हासनगर.** पिछले सप्ताह कैंप क्रमांक 4 स्थित भारतनगर में सर्वेक्षण के लिए गई दो आशा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने शिकायत लेने से टालमटोल किया. आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध मार्च निकालकर मांग की कि पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार और मारपीट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया जाए।

पिछले सप्ताह दो आशा स्वयंसेवक उल्हासनगर कैंप क्रमांक 4 के भारतनगर क्षेत्र में कुष्ठ रोग और हैजा का सर्वेक्षण कर रहे थे। उस समय उन्होंने जानकारी मांगने के लिए एक घर का दरवाजा खटखटाया। हालांकि, घर से बाहर निकले एक व्यक्ति ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें पत्थरों से मारा. इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने गईं आशा कार्यकर्ताओं को विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने पांच घंटे तक बैठाए रखा। यह आरोप आशा कार्यकर्ता ने लगाया। अंत में आशा सेविका संघ के पदाधिकारी भगवान दवणे और डॉ. राजाराम रासकर ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को बुलाकर घटना की जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई।

आशा कार्यकर्ताओं की पिटाई के विरोध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आशा कार्यकर्ताओं के पीछे नहीं खड़े हुए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मनपा के खिलाफ विरोध मार्च निकालकर मारपीट करने वालों के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज करने की शिकायत भी दर्ज कराई है। संगठन का कहना है कि शहर में काम करते समय आशा कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# उल्हासनगर 2 के साडी बाजार में जबर्दस्त मारपीट



- घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद
- मारपीट में एक गंभीर घायल
- दोनों गुटों के खिलाफ मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** सुबह एक टेम्पो चालक और ठेले को लेकर हुई बहस दोपहर को झगड़े में बदल गई। इस झड़प में दोनों गुटों के खिलाफ परस्पर विरोधी मामले दर्ज किये गये हैं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कल्याण के खड़कपाड़ा निवासी रवि जोंधले उल्हासनगर 2 में गोल मैदान रोड पर साडी बाजार में स्थित शगुन साड़ी सेंटर के पास फलों का जूस बेचने के लिए ठेला लगाता हैं। रविवार की सुबह रवि का टेंपो चालक अनिल से ठेले को लेकर झगड़ा हो गया। सुबह हुई मारपीट से गुस्साए अनिल ने योगेश, मनोहर कांबले और एक अज्ञात व्यक्ति ने रवि के साथ मारपीट की। इस झगड़े के दौरान रवि के बर्फ तोड़ने वाले हथियार से अनिल के सिर पर मारा, जिससे उसके सिर से काफी खून बहने लगा। उन्हें इलाज के लिए कलवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में दोनों गुटों के खिलाफ परस्पर विरोधी मामले दर्ज किया गया हैं।

# अंबरनाथ नाट्यगृह का नामकरण विवादों में

- नाट्यगृह का नाम मायप्पा कांबले रखने की मांग

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा सर्कस मैदान में निर्मित किया जा रहा नाट्यगृह नामकरण के विवादों में घिर गया है. जबकि इस नाट्यगृह का उद्घाटन एक मई को किया जाएगा. ऐसा सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा है.



विदित हो कि इस नाट्यगृह का नाम बाल कोल्हटकर के नाम पर किए जाने की मांग सबसे पहले पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी ने नपा को निवेदन देकर विनती की थी. उसके बाद पत्रकार सुनिल अहिरे के नेतृत्व में अन्ना भाऊ संघर्ष समिति ने मुख्याधिकारी से भेंट करके उनको पत्र दिया था कि नाट्यगृह का नाम अन्नाभाऊ साठे के नाम पर किया जाए, नहीं तो वह आंदोलन छेड़ देंगे. अब भूमिपुत्र पार्टी के अध्यक्ष चंद्रकांत मोटे ने बुधवार को मुख्याधिकारी से भेंट करके उनसे कहा है कि इस नाट्यगृह का नाम मायप्पा उमा कांबले रखने की मांग भरा निवेदन दिया है. उनका दावा है कि जहां ये नाट्यगृह बना है, वहां मायप्पा कांबले सन 1937 से खेती करते थे. ये जगह उनके नाम पर थी. निवेदन देते समय कांबले परिवार के लोग भी उपस्थित थे. मोटे ने भी आंदोलन की धमकी दी है. देखना है इस नाट्यगृह का क्या नामकरण किया जाता है. क्योंकि नामकरण करना अब विवादों के घेरे में आ गया है.

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर राष्ट्रीय परिवर्तन पक्ष के अध्यक्ष नरसिंह दत्तू गायसमुद्रे ने भी उनको समर्थन दिया है. ऐसा चंद्रकांत मोटे ने बताया है.

# उल्हासनगर राशनिंग विभाग में बड़ा घोटाला

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा के विधायक कुमार आयलानी ने राशन विभाग में खाद्य आपूर्ति में अधिकारियों की मिलीभगत से किए जा रहे बड़े घोटाले को उजागर करने के लिए कमर कस ली है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से शिकायत की है और इस घोटाले की जांच क्राइम ब्रांच से कराने की लिखित मांग की है।

सोमवार 17 तारीख को शहर की छह दुकानों पर ट्रक से 12 टन अनाज पहुंचाया जाना था। हालांकि, ट्रक पर लगे जीपीएस डिवाइस को निकालकर स्कूटर पर लगाया गया और संबंधित दुकानों पर स्कैन किया गया। हकीकत में, राशन न केवल उतार दिया गया, बल्कि उसे काले बाजार में बेच दिया गया। इस मामले में मनोज नामक व्यक्ति ने सनी को सबूतों के साथ उल्हासनगर थाने में पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, आयलानी ने बयान में आरोप लगाया कि आरोपी को वहां से रिहा कर दिया गया। इससे पहले भी ऐसी ही घटना घटी थी और आरोपी भी वही था। इस संबंध में 11 दिसंबर 2023 को तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधानसभा में मामला उठाया गया तथा संबंधित विभाग से शिकायत की गई। शहर के गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए आने वाला राशन राशन माफियाओं द्वारा छीना जा रहा है। इसमें करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। आयलानी ने बयान में यह भी बताया कि इस मामले में बड़ी मात्रा में धन का लेन-देन हुआ। इसलिए इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच से कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# मराठा सेक्शन में भीषण हादसा, 2 घायल



- घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद
- बाइक सवार दोनों युवक नशे में थे
- घायलों का इलाज सेंट्रल अस्पताल में

**उल्हासनगर.** कैंप 4 स्थित मराठा सेक्शन में आज दोपहर करीब 1:30 बजे भीषण हादसा हुआ। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दोपहर करीब डेढ़ बजे हर्षद पानपाटिल और अथर्व स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर तेज गति से बाइक चला रहे थे, तभी उनकी बाइक पर से नियंत्रण खो गया और सबसे पहले उनकी बाइक हाथ में लोहे की ग्रिल लिए एक व्यक्ति से टकराई और फिर सरस्वती क्लास के सामने बिजली के लोहे के खंभे से जा टकराई। हर्षद और अथर्व दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक नशे में थे।

# महेश सुखरामानी की देखरेख में आज सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह

**उल्हासनगर।** महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 20 मार्च को रंगशारदा सभागृह केसी मार्ग बांद्रा रिक्लेमेशन मुंबई में रखा गया है।

यह कार्यक्रम महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 2024-25 के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार होंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा भी उपस्थित होंगे।



कार्यक्रम के आयोजक महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी, अपर मुख्य सचिव सांस्कृतिक कार्य विभाग विकास खरगे, सह निर्देशक तथा सदस्य महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के सचिन निंबालकर है। महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी ने अपने कार्यकाल में अकादमी के बहुत ही बेहतरीन कार्य राज्य व राष्ट्रीय स्तर में सिंधी समाज के लिए किए हैं जिसमें सिंधी समाज से जुड़े लोग, कलाकार, साहित्यकार ने उनके कार्य की प्रशंसा की है। यह समारोह भी एक यादगार समारोह साबित होगा ऐसा सुखरामानी ने कहा है।

# 5 भू-माफियाओं के खिलाफ MRTP के तहत मामला दर्ज

- मानेरे गांव में अवैध रूप से 92 कमरे बनाने का आरोप

**कल्याण.** कल्याण पूर्व वार्ड आई के मानेरे गांव की सीमा में 7 अवैध चालों के माध्यम से 92 कमरों का निर्माण करने वाले पांच भू-माफियाओं को मनपा के सहायक आयुक्त भरत पवार और आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर मंगलवार को विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में महाराष्ट्र प्रांतीय क्षेत्रीय नगर नियोजन अधिनियम (एमआरटीपी) और भारतीय दंड संहिता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

अवैध निर्माण में शामिल भू-माफियाओं के नाम बालकृष्ण कान्हा भोईर, जयेश बालकृष्ण भोईर, रमेश वंडार भोईर, मुकेश शालिक जोशी और अमर घनसोलकर हैं। इन लोगों ने कल्याण पूर्व में अंबरनाथ तालुका के मानेरे गांव की सीमा के भीतर सर्वे संख्या 57, प्लॉट संख्या दो पर 34 गुंठा भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किया है। इसी गांव के एकनाथ भोईर ने इस अवैध निर्माण के संबंध में आई वार्ड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उप अभियंता संतोष ठाकुर ने मानेरे गांव जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।





इस अवैध निर्माण मामले में वार्ड आई के तत्कालीन सहायक आयुक्त ने बिल्डरों को निर्माण परमिट और भूमि स्वामित्व के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किए थे। भू-माफिया ने महानगर पालिका को दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये। सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए। सहायक आयुक्त ने 92 कमरों वाले अवैध निर्माण को अनाधिकृत घोषित कर दिया था और तीन दिन के भीतर इन्हें स्वयं ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया था। भू-माफिया ने इस ओर भी ध्यान नहीं दिया। इस बीच, इन अवैध झुग्गियों के कमरों को भू-माफियाओं ने घर खरीदारों को बेच दिया।

निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद मानेरे गांव में 92 अवैध मकानों के भू-माफिया निर्माण के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। चूंकि निर्माणों को स्वयं नहीं तोड़ा जा रहा था, इसलिए सहायक आयुक्त भरत पवार ने अधीक्षक नितिन चौधरी की मदद से विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में भू-माफियाओं के खिलाफ एमआरटीपी का मामला दर्ज कराया।

आई वार्ड क्षेत्र में सभी नए अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर एमआरटीपी प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। सभी अवैध निर्माणों (नए और पुराने दोनों) के खिलाफ कार्रवाई की गई है और संबंधितों के खिलाफ एमआरटीपी मामले दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भू-माफियाओं के खिलाफ हर सप्ताह चार से पांच मामले दर्ज करने की योजना है।
–भरत पवार, सहायक आयुक्त, आई वार्ड

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## नागपुर में हिंसा क्यों भड़की?

अफवाहें जंगल में आग की तरह फैलती हैं। नागपुर में औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान एक समुदाय की धार्मिक पुस्तक जलाए जाने की अफवाह के बाद जिस तरह हिंसा और आगजनी हुई, उससे जाहिर है कि अफवाह किसी भी शहर और समाज के लिए घातक होती है। इस हिंसा में कई लोग जख्मी हो गए। कोई दोराय नहीं कि इस घटना ने शहर की समरसता पर चोट की है। पिछले कुछ वर्षों में देश में अलग-अलग राज्यों में हुई हिंसा की कई घटनाओं के पीछे किसी न किसी अफवाह की भूमिका पाई गई। मगर नागपुर में हिंसा के पीछे असल मुद्दा औरंगजेब की कब्र का है, जिसे हटाने के लिए पिछले कई दिनों से मांग उठ रही है।

### केवल हो रही राजनीति

दुर्भाग्यवश न केवल इस पर राजनीति हो रही, बल्कि इस मुद्दे को जिस तरह हवा दी जा रही है, वह चिंता का विषय है। सभी जानते हैं कि इतिहास से जुड़ी धरोहरों को खत्म नहीं किया जा सकता। कोई सभ्य देश अपने इतिहास को मिटाता नहीं है। वह ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास को जानें और उससे सबक लें।

नागपुर में हुई हिंसा को इसलिए भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए कि इस तरह की घटना से सामाजिक समरसता को गहरी ठेस पहुंचती है। तीन सौ साल से भी अधिक पुराने मुद्दे पर अचानक विवाद खड़ा करने के पीछे की राजनीति निराशाजनक है। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। दुखद यह कि हिंसा ऐसे शहर में हुई, जहां हर धर्म और समुदाय के लोग वर्षों से सद्भाव के साथ रहते आए हैं।

यह अपनी संस्कृति और विरासत के लिए जाना जाता है। यहां सभी मिल-जुल कर त्योहार मनाते और दुख-सुख साझा करते रहे हैं। मगर कटु सत्य है कि उपद्रवियों का कोई नैतिक मूल्य नहीं होता। उनमें मानवीय संवेदना नहीं होती। नागपुर में हिंसा भड़कने के पीछे कोई पूर्व नियोजित साजिश हो सकती है। यह जांच का विषय है। मगर इस समय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है। नागपुर की खूबसूरती उसके सौहार्द में निहित है। इसे बचाना सभी का दायित्व है।

# प्रस्तावित कानून के खिलाफ मोर्चा खोलना संविधान पर सीधा हमला

जब नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए आया था तो उसे लेकर जिस झूठ का सबसे अधिक सहारा लिया गया था, वह यह था कि इसके जरिये भारतीय मुसलमानों की नागरिकता छीनने का काम किया जाएगा। इसी तरह तीन कृषि कानूनों के विरोध में यह झूठ जमकर फैलाया गया था कि इनका उद्देश्य किसानों की जमीन छीनकर उन्हें उद्योगपतियों को देना है।

अब वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर भी यह झूठ फैलाया जा रहा है कि इसके जरिये मुसलमानों की मस्जिदें, दरगाह, कब्रिस्तान छीन लिए जाएंगे। इस झूठ का सहारा रमजान के दिनों में भी लेने में संकोच नहीं किया जा रहा है। इस विधेयक के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की ओर से आयोजित प्रदर्शन के दौरान इसी झूठ को कई बार दोहराया गया।

इस दौरान ऑल इंडिया मुस्लिम सिविल राइट्स के चेयरमैन मोहम्मद अदीब की ओर से यहां तक कहा गया कि जगदंबिका पाल (वक्फ अधिनियम पर विचार करने वाली जेपीसी के अध्यक्ष) को खबर कर दें कि वह यह बिल पास करके दिखाएं, फिर देखना कि हम उनका क्या हश्र करेंगे? उनकी ओर से जदयू, तेलुगु देसम जैसे दलों को भी देख लेने की धमकी दी गई।

इसी आयोजन में यह भी कहा गया कि यदि जरूरत पड़ी तो हम दिल्ली और यूपी बार्डर बंद करने के लिए भी तैयार रहेंगे। शाहीन बाग जैसा धरना देने की भी धमकी दी गई। यह ध्यान रहे कि सीएए के खिलाफ धरने के दौरान शाहीन बाग




में दिल्ली को यूपी से जोड़ने वाले एक प्रमुख रास्ते पर कब्जा कर लिया गया था। तब विपक्ष के छोटे-बड़े नेता शाहीन बाग पहुंचकर इस अराजक धरने को जायज ठहराते थे। हालांकि इस धरने से त्रस्त लोगों की ओर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया गया, लेकिन उसके ढुलमुल रवैये के चलते धरना जारी रहा और अंततः कई महीनों बाद वह तब खत्म हुआ, जब कोरोना के चलते लाकडाउन लगा और वहां मुट्ठी भर लोग ही बचे।

कृषि कानून विरोधी आंदोलन के समय भी कथित किसान नेता करीब साल भर दिल्ली की सीमाओं पर राजमार्गों को इसलिए बाधित किए बैठे रहे थे, क्योंकि न तो सरकार ने जबरदस्ती रास्ते रोकने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई और न ही सुप्रीम कोर्ट ने। तब इसकी भी अनदेखी कर दी गई थी कि ट्रैक्टर परेड निकालकर गणतंत्र दिवस मनाने के बहाने लाल किले पर कैसा उपद्रव किया गया था।

जहां सीएए और कृषि कानूनों का विरोध उन पर संसद की मुहर लगने के बाद किया गया था, वहीं वक्फ अधिनियम का विरोध उसके संसद में पेश होने के पहले ही किया जा रहा है। एक तरह से संसद को कानून बनाने से ही रोकने की कोशिश की जा रही है और वह भी संविधान की दुहाई देते हुए। कहा जा रहा है कि वक्फ अधिनियम से छेड़छाड़ संविधान से छेड़छाड़ है।

संविधान को धर्मग्रंथ जैसा भले बताया जाता हो, लेकिन वह धर्मग्रंथ नहीं होता और न होना चाहिए। उसमें संशोधन होते रहते हैं-ठीक वैसे ही जैसे, अतीत में वक्फ अधिनियम में भी होते रहे। वक्फ अधिनियम में संशोधन के विरोध में यह कुतर्क कुछ ज्यादा ही जोरदार ढंग से दिया जा रहा है कि चूंकि उसमें कोई खामी नहीं, इसलिए उसमें किसी तरह के परिवर्तन की जरूरत भी नहीं।

यह कुतर्क तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों से हैरान करने वाली उन खबरों के बाद भी किया जा रहा है, जिनके तहत यह उजागर हुआ कि वक्फ बोर्डों ने किस मनमाने तरीके से किसानों, मछुआरों, आम लोगों की जमीनों को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया। तमिलनाडु में तो 1500 साल पुराने यानी इस्लाम के उदय के पहले के एक मंदिर की जमीन को ही वक्फ संपत्ति बता दिया गया।

वक्फ बोर्डों के पास रेलवे और सेना के बाद सबसे अधिक जमीन है, लेकिन उसकी हजारों संपत्तियों को लेकर विवाद है। इनमें से अनेक विवाद अदालतों में विचाराधीन हैं। इसके बाद भी मौजूदा वक्फ अधिनियम को सही ठहराया जा रहा है। यदि इस वक्फ अधिनियम में कहीं कोई विसंगति नहीं और वक्फ बोर्ड सचमुच नीर-क्षीर तरीके से संचालित हो रहे हैं तो फिर क्यों न अन्य समुदायों के लिए भी ऐसे ही बोर्ड बना दिए जाएं?




ध्यानाभ्यास के द्वारा हम शांति प्राप्त कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# भारत-अमेरिका सहयोग पर लगेगा ब्रेक?

ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति के भारी शुल्क थोपने को लेकर भारत में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, दोनों देशों के बीच सहयोग के रिश्तों में रुकावट आने का अनुमान लगाया जा रहा है, अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा कई अर्थों में महत्त्वपूर्ण है। गबार्ड ने प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने जिस तरह आतंकवाद, रक्षा, सुरक्षा और सूचनाओं को साझा करने जैसे मुद्दों पर बेबाक ढंग से ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया और भारत की चिंताओं पर सहयोग का भरोसा दिलाया, उससे साफ हो गया कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में खटास की आशंकाओं में कोई दम नहीं है।

गबार्ड ने स्पष्ट कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्लामिक आतंकवाद खत्म करने को लेकर गंभीर हैं। आतंकवाद ने हमें चारों ओर से घेर लिया है और इसका दूरगामी असर पड़ेगा। उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम लेकर आतंकवाद और सांप्रदायिक उन्माद से निपटने पर जोर दिया। दरअसल, भारत और अमेरिका के संबंध केवल व्यापारिक मुद्दों से नहीं जुड़े हैं। दोनों के बीच आतंकवाद भी एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके खिलाफ युद्ध छेड़ने का दोनों का साझा वादा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ गबार्ड की बैठक में सुरक्षा और सूचनाओं के साझाकरण पर विशेष रूप से बातचीत हुई। रक्षामंत्री ने खालिस्तानी अलगाववादियों पर अंकुश लगाने का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों पर अमेरिका प्रतिबंध लगाए। अगर ट्रंप प्रशासन इस



दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठाता है, तो भारत के लिए पन्नू जैसे अलगाववादियों के खिलाफ नकेल कसने में आसानी होगी। ये अलगाववादी अमेरिका और ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों की नागरिकता प्राप्त कर सुरक्षा घेरे में पहुंच गए हैं। भारत लगातार उनके खिलाफ दस्तावेज पेश करता रहा है, मगर अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के कानून कुछ ऐसे हैं कि भारत-विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती।

अमेरिका अगर इस दिशा में कोई कड़ी पहल करता है, तो स्वाभाविक रूप से ब्रिटेन और कनाडा पर भी ऐसा करने का दबाव बनेगा। गबार्ड ने आतंकी गतिविधियों के संदर्भ में पाकिस्तान का विशेष रूप से उल्लेख किया। यह बात पूरी दुनिया को पता है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की पनाहगाह बन चुका है। विश्व व्यापार संगठन कार्यालय पर हमले के बाद अमेरिका ने जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसने की कोशिश की थी, वह बाद में शिथिल पड़ गई। इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

ट्रंप प्रशासन एक नई विश्व व्यवस्था बनाने के दावे कर रहा है। हालांकि उसका जोर फिलहाल आर्थिक गतिविधियों को संतुलित और कारगर बनाने पर अधिक नजर आ रहा है। मगर सामाजिक और राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां अपने लक्ष्य तक कभी नहीं पहुंच सकतीं। इसलिए जब तक अमेरिका अपने कूटनीतिक नफा-नुकसान का गणित लगाए बगैर आतंकवाद से लड़ने की रणनीति नहीं बनाता, तब तक इस समस्या से पार पाना कठिन ही रहेगा। अभी तक आतंकवाद की पहचान ही ठीक से तय नहीं की गई है। जो भारत की नजर में आतंकवाद है, वही चीन की नजर में दो देशों का निजी मामला बन जाता है। इसमें अमेरिका का गंभीर हस्तक्षेप ही किसी उल्लेखनीय नतीजे तक पहुंचने में मदद कर सकता है। बहरहाल, गबार्ड की यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों में नए सिरे से गर्मी लौटी है।

# किस चीज़ से बना होता है 10 रुपये का सिक्का? कितना होता है वजन?

भारतीय सिक्कों की रेंज में 10 रुपये का सिक्का सबसे अनोखा है. 10 रुपए का सिक्का दो रंगों में आता है.

**जरा हट के**

इसका एक हिस्सा सामान्य सिक्के जैसा ही है, जबकि दूसरा थोड़ा अलग. 10 रुपए के सिक्के में इस पीले रंग का पदार्थ क्या होता है और इसे इस्तेमाल क्यों किया जाता है?

10 रुपये के सिक्के का वजन 7.71 ग्राम है. इसमें बाहरी घेरे का वजन 4.45 ग्राम है और मध्य भाग का वजन 3.26 ग्राम है. अगर हम बीच वाले हिस्से की बात करें तो यह कूप्रो निकेल से बना है.

भारत में चलने वाला 10 रुपए का सिक्का आमतौर पर दो धातुओं के संयोजन से बनाया जाता है. इसे द्विधात्विक सिक्का कहा जाता है. इस सिक्के की धातु संरचना के बारे में विस्तार से जानना ज़रूरी है.

इसका केन्द्र यानि बीच का हिस्सा 75 प्रतिशत तांबा और 25 प्रतिशत निकेल से बना है.



अगर हम बाहरी घेरे यानि पीले भाग की बात करें तो यह एल्युमिनियम कांस्य से बना है. इसमें 92 प्रतिशत तांबा, 6 प्रतिशत एल्युमीनियम और 2 प्रतिशत निकेल है.

क्या आपने कभी सोचा है कि इन सिक्कों को बनाने में सरकार को कितना खर्च आता है? हर सिक्के को बनाने का खर्च अलग-अलग होता है. हर सिक्के के धातु और वज़न के मुताबिक उन्हें ढालने में आने वाला खर्च भी अलग-अलग होता है.

सरकार को एक रुपये का सिक्का बनाने के लिए 1 रुपया और 11 पैसे खर्च करने पड़ते हैं. 2 रुपये का सिक्का बनाने में 1.28 रुपये का खर्च आता है. 5 रुपये के सिक्के की कीमत 3.69 रुपये है और 10 रुपये के सिक्के की कीमत 5.54 रुपये है. यह लागत 2018 के मुताबिक थी, जो खुद आरबीआई ने बताई थी.

ये सभी सिक्के केवल भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं. करेंसी सिक्के भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं खनन निगम की ओर से चार टकसालों में तैयार किये जाते हैं. ये कार्यालय मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता और नोएडा में स्थित हैं.

# बेसन और सूजी से बनाएं टिक्की

क्या आप सोच रहे हैं कि कुछ नया और स्वादिष्ट ट्राई किया जाए? आलू वाली टिक्की से अब बोर हो गए हैं? तो इस बार बनाइए बेसन और सूजी से बनी मसालेदार और कुरकुरी टिक्की! ये न केवल स्वाद में लाजवाब हैं, बल्कि जल्दी और आसानी से तैयार भी हो जाती हैं। इस रेसिपी के साथ आप अपने परिवार और दोस्तों को खुश कर सकते हैं और हर कोई आपकी तारीफ करेगा। तो चलिए, बिना देर किए जानते हैं इस सुपर आसान और मजेदार रेसिपी को!




**सामग्री :**

- 1 कप बेसन
- 1/2 कप सूजी
- 1/4 कप दही
- 1 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 छोटी चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 छोटी चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 छोटी चम्मच अमचूर पाउडर
- नमक स्वाद अनुसार
- 1/2 कप हरा धनिया (बारीक कटा हुआ)
- 1/2 कप पानी
- तेल (तलने के लिए)

**विधि :**



सबसे पहले एक बड़े बर्तन में बेसन, सूजी, हल्दी, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर और नमक डालें। अब इसमें दही और थोड़ा पानी डालकर एक गाढ़ा बैटर तैयार करें।

बैटर को अच्छी तरह से मिलाकर थोड़ा गूंथ लें। ध्यान रहे कि बैटर न ज्यादा गाढ़ा हो, न ज्यादा पतला। अगर जरूरत हो तो थोड़ा और पानी डाल सकते हैं।

एक कड़ाही या तवे में तेल गरम करें। तेल में थोड़ी सी पानी की बूँद डालकर यह चेक करें कि तेल गर्म है या नहीं। अब हाथों में थोड़ा तेल लगाकर बैटर से छोटे-छोटे गोले बना लें और उन्हें चपटा करके टिक्की का आकार दें।

अब इन टिक्कियों को गरम तेल में डालें और दोनों साइड से गोल्डन ब्राउन होने तक तलें।

तैयार बेसन और सूजी की टिक्की को हरे धनिये की चटनी या टमाटर के सॉस के साथ गरमागरम परोसें।

# कमर दर्द के कारण उठना-बैठना हो गया है मुश्किल?

**चुटकियों में आराम दिलाएंगे ये आसान टिप्स**

आज के समय में हर कोई घंटों ऑफिस में बैठकर काम कर रहा है। लोग साफ-सफाई के लिए झुकते या भारी चीजें उठाते ही हैं। इसके अलावा, गलत पोजीशन में बैठने की वजह से कमर दर्द होना एक आम समस्या बन गई है। इसकी वजह से दिनभर बैठना तक मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कुछ योगासन सहायक हो सकते हैं, क्योंकि ये मांसपेशियों को आराम देते हैं और उनमें लचीलापन बढ़ाते हैं। नियमित इसके अभ्यास से रीढ़ की हड्डी भी मजबूत होती है, जिससे कमर में होने वाले दर्द में राहत मिलती है। योगासन ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाकर तनाव को भी कम करते हैं, जिससे बेहतर महूसस होता है। आज हम आपको कमर दर्द होने के कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही उससे राहत पाने के उपाय भी बताएंगे। तो आइए जानते हैं विस्तार से-

### कमर दर्द के कारण

#### गलत मुद्रा में बैठना या काम करना

लंबे समय तक झुककर बैठना या गलत तरीके से चलना भी कमर दर्द का एक बड़ा कारण है। ऑफिस में घंटों कुर्सी पर गलत तरीके से बैठे रहने से भी कमर की मांसपेशियों पर दबाव बढ़ता है। इससे कमर दर्द होने लगता है।



#### भारी वजन उठाना

क्षमता से अधकि भारी सामान उठाने से कमर दर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल भारी सामान उठाने से पीठ की मांसपेशियों पर जोर पड़ता है। गलत तरीके से वजन उठाने से रीढ़ की हड्डी पर भी प्रभाव पड़ता है।

#### फिजकिल एक्टिविटी न होना

आपको बता दें कि शारीरकि गतिविधियों में कमी की वजह से भी पीठ दर्द की समस्या होने लगती है। क्योंकि लगातार बैठे रहने और व्यायाम न करने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। जिससे कमर दर्द हो सकता है। इसके साथ ही शरीर में लचीलापन नहीं होने से रीढ़ की हड्डी पर भी बुरा असर पड़ता है।

#### मोटापा भी कमर दर्द का कारण

आपने अकसर देखा होगा जो मोटापे से ग्रसति होते हैं उनमें कमर या जोड़ों में दर्द की समस्या ज्यादा देखने को मलिती है।

#### कमर दर्द से बचने के उपाय

- सही मुद्रा अपनाएं
- नियमित रूप से व्यायाम करें
- वजन को कंट्रोल करें
- भारी सामान उठाते समय सावधानी बरतें
- आराम और नींद का ध्यान रखें
- कमर दर्द होने पर ज्यादा देर तक खड़े रहने या झुकने से बचें।

#### इन योगासनों का करें अभ्यास

- भुजंगासन
- शलभासन
- अर्धमत्स्येन्द्रासन
- बालासन
- मार्जरी आसन
- ताड़ासन

## आज का राशिफल

**मेष :** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**मिथुन :** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**कर्क :** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**तुला :** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**वृश्चिक :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बार-बार जलन और पेट में गैस?

### आजमाएं असरदार तरीका

अगर आपको बार-बार एसिडिटी की समस्या हो रही है और इससे राहत नहीं मिल रही है, तो अपने खानपान में मामूली बदलाव करके इससे छुटकारा पाया जा सकता है. एसिडिटी आमतौर पर गलत खानपान और अनियमित जीवनशैली के कारण होती है. लेकिन अगर आप अपनी डेली फूड हैबिट्स में थोड़ा सा बदलाव करें, तो इससे राहत पाना आसान हो सकता है. जानिए कुछ आसान और असरदार टिप्स, जो एसिडिटी से बचाव में आपकी मदद कर सकते हैं.

रोजाना एक फिक्स समय पर भोजन करें. अपने खाने का समय तय कर लें कि आपको कब भोजन करना है और ज्यादा देर तक भूखा न रहें, क्योंकि इससे पेट में गैस बनने की समस्या हो सकती है. हर 2 से 3 घंटे में कुछ हल्का और पौष्टिक जरूर खाएं, ताकि पाचन सही बना रहे.

मसालेदार और तला-भुना खाना न खाएं. ज्यादा मसालेदार, तला या भुना हुआ भोजन न करें, क्योंकि ऑयली खाना एसिडिटी को बढ़ा सकता है. बेहतर होगा कि आप हल्का, उबला हुआ और कम मसाले वाला भोजन करें, जिससे पाचन सही रहे और एसिडिटी की समस्या न हो.

कैफीन और कोल्ड ड्रिंक्स से बचें. ज्यादा मात्रा में चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और सोडा जैसी चीजों का सेवन न करें, क्योंकि ये एसिडिटी बढ़ाने के मुख्य कारणों



में से एक हैं. इसके बजाय, आप हर्बल चाय का सेवन कर सकते हैं, जो पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद होती है और एसिडिटी से राहत दिलाने में मदद कर सकती है.

फाइबर युक्त आहार का सेवन करें. हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज और सलाद का सेवन ज्यादा करें, क्योंकि फाइबर युक्त आहार पाचन शक्ति को संतुलित करता है. आप केला, खीरा, तरबूज और नारियल पानी का सेवन कर सकते हैं, ये सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और एसिडिटी की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं.

पानी की मात्रा बढ़ाएं. दिनभर में कम से कम 10 से 15 गिलास पानी जरूर पिएं, क्योंकि यह शरीर से एसिडिटी बढ़ाने वाले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है. साथ ही, आप तुलसी और अदरक का सेवन भी कर सकते हैं, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और एसिडिटी से राहत दिलाने में कारगर होते हैं.

# गर्मियों में कैसे पिएं हल्दी वाला दूध?

सर्दियों में इम्यूनिटी मजबूत करने से लेकर गर्माहट देने के लिए हल्दी वाला दूध खूब पीया जाता है. हल्दी औषधीय गुणों से भरपूर मसाला है, जिसे सेहत के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है. एक गिलास दूध में चुटकीभर हल्दी डालकर गोल्डन मिल्क तैयार किया जाता है. इन दिनों उत्तर भारत में मौसम बदल रहा है और हल्की गर्मी शुरू हो गई है. अब सवाल है कि क्या गर्मियों में हल्दी वाला दूध पीना चाहिए या नहीं? क्या गर्मियों में गोल्डन मिल्क से शरीर को नुकसान हो सकता है? इस बारे में हकीकत जानना सबके लिए जरूरी है.

नई दिल्ली के PSRI हॉस्पिटल की डाइटिशियन पूनम दुनेजा ने बताया कि हल्दी का दूध सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है. हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो सूजन को कम करने, संक्रमण से बचने और पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है. यह दूध हमारी इम्यूनिटी को मजबूत करने और हड्डियों को मज़बूती देने में भी मदद करता है. खासतौर पर सर्दियों में यह हमारे शरीर को गर्मी प्रदान करता है और सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायक होता है. सर्दियों में रोज इस दूध का सेवन किया जा सकता है.

डाइटिशियन ने बताया कि गर्मियों में हल्दी वाले दूध का सेवन करना नुकसानदायक नहीं होता है, लेकिन इसका सेवन कम करना चाहिए. हल्दी का दूध गर्मी के मौसम में शरीर की आंतरिक गर्मी को बढ़ा सकता है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. इसका ज्यादा सेवन करने से एसिडिटी और अपच की समस्या हो सकती है. गर्मी में शरीर पहले से ही अधिक गर्म होता है और हल्दी वाला दूध इस गर्मी को बढ़ा सकता है. इस कंडीशन में लोगों को घबराहट और की समस्या हो सकती है. कभी-कभी हल्दी वाला दूध पीने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन गर्मियों में रोज हल्दी मिल्क पीने से बचना चाहिए.



एक्सपर्ट के मुताबिक गर्मियों में आप हल्दी वाला दूध रात को सोने से पहले ले सकते हैं, क्योंकि रात के समय शरीर का मेटाबॉलिज्म रेट धीमा होता है. यह दूध बेहतर तरीके से पचता है और सेहत को नुकसान नहीं होता है. इसके अलावा दूध में हल्दी के साथ एक चुटकी काली मिर्च डालने से करक्यूमिन की अवशोषण क्षमता बढ़ जाती है, जिससे इसके स्वास्थ्य लाभ बढ़ जाते हैं. अगर आप गर्मी में हल्दी दूध पीने से परेशान होते हैं, तो आप हल्दी के पानी का सेवन भी कर सकते हैं, क्योंकि पानी में हल्दी की गर्मी कम होती है और यह शरीर के लिए हल्का होता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### टेंपो से 6.5 लाख रुपये का गांजा जब्त

**ठाणे.** शहर में पुलिस ने लावारिस हालत में खड़े एक टेंपो से 6.52 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेतीबंदर-शिलफाटा मार्ग पर 15 मार्च को पुलिस के कुछ कर्मियों ने लावारिस वाहन खड़ा देखा। मुंब्रा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को टेंपो के अंदर भारी मात्रा में गांजा मिला, जिसकी कीमत 6.52 लाख रुपये थी और इस प्रतिबंधित पदार्थ का अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

# कब्र से भी खोद निकालेंगे

- CM फडणवीस सख्त
- पुलिस पर हमला करने वालों पर करेंगे कड़ी कार्रवाई

**मुंबई.** नागपुर में हुए हिंसक झड़प के दौरान पुलिस पर हमले को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सख्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने पुलिस पर हमला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का ऐलान किया है। बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान फडणवीस ने इस घटना को एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि यदि हमलावरों को उनकी कब्र से भी निकालना पड़े तो वह भी किया जाएगा, मगर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

फडणवीस ने बताया कि हिंसा के दौरान करीब 80 लोगों की भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। इस हमले में एक पुलिस अधिकारी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया और तीन डिप्टी कमिश्नरों पर भी हमला हुआ। उन्होंने बताया कि कुछ मकानों को जानबूझकर निशाना बनाया गया और एक डीसीपी पर कुल्हाड़ी से हमला हुआ।



मुख्यमंत्री ने हिंसा भड़कने के पीछे अफवाहों की बड़ी भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि धार्मिक प्रतीक वाली एक चादर को जलाने की अफवाह के चलते यह झगड़ा भड़का। उन्होंने कहा, ₹अफवाहें फैलाई गईं कि धार्मिक सामग्री को जलाया गया है... ये पूरी तरह से सुनियोजित हमला लगता है। कानून अपने हाथ में लेने का हक किसी को नहीं है।₹

### कैसे भड़की थी हिंसा?

यह झगड़ा नागपुर के चिटनिस पार्क इलाके में सोमवार को भड़का था। बताया गया कि एक दक्षिणपंथी संगठन ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद अफवाह फैली कि धार्मिक ग्रंथ के साथ बेअदबी की गई। इसके बाद इलाके में पत्थरबाजी शुरू हो गई और पुलिस पर हमला हुआ।

# कूड़ा करकट सुनामी को रोकने में मनपा असफल

- राकांपा शहर अध्यक्ष ने मनपा मुख्यालय के सामने कचरा फेंका

**ठाणे.** शहर में कूड़ा करकट की एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। मनपा इस पर काबू पाने में सफल नहीं हो पा रही है। इसके चलते शहर की कई सोसायटियों के दरवाजे पर कूड़े के ढेर लग गए हैं। इसके विरोध में एनसीपी-शरद चंद्र पवार पार्टी के शहर अध्यक्ष सुहास देसाई ने मनपा मुख्यालय के सामने कूड़ा फेंक दिया।

पिछले दस दिनों से शहर के कई हिस्सों से कचरा पूरी तरह से एकत्र नहीं किया गया है। मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कचरा को सीपी टैंक कचरा संग्रहण केंद्र में ले जाया जाता है। स्थानीय लोगों ने कूड़ा डंप करने का विरोध किया है। ठाणे शहर में कूड़ा नहीं उठने के कारण सड़कों और सोसायटियों के बाहर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जब यह समस्या हल नहीं हुई तो देसाई ने



अपने घर का कूड़ा-कचरा पैक किया और मनपा मुख्यालय के सामने ले आए। वर्तमान समय में शहर में कचरे का निपटारा ठीक से नहीं होने के कारण बीमारी और गंदगी बढ़ने से ठाणेकर के नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है।आज मैंने अपने घर का कूड़ा यहां डाला है।यह सुहास देसाई ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस मुद्दे का जल्द से जल्द समाधान नहीं किया गया तो हम मनपा मुख्यालय की हर मंजिल पर कूड़े के ढेर लगा देंगे।

# 'उद्धव ने पीएम मोदी से मिलकर मांगी थी माफी'

- एकनाथ शिंदे का बड़ा दावा, फिर आया ठाकरे का जवाब

**मुंबई.** महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा को लेकर जमकर सियासी बवाल मचा हुआ है. महायुति और महावकिास अघाड़ी के नेता एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. इसी बीच उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानपरषिद में बड़ा दावा कयिा. उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, कुर्सी के लिए उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के विचार छोड़ दिए. आपने कांग्रेस के साथ जाकर कुर्सी हासिल की,



विचारधारा छोड़ दी. उनके प्रमुख दिल्ली गए थे और वहां जाकर माफी मांगी. उन्होंने कहा कि हमें बचा लो, हम महायुति सरकार में शामिल हो जाएंगे, लेकिन मैंने उनका खेल पलट दिया. नोटिस आने पर वे माफी मांगने गए थे.

एकनाथ शिंदे ने विधानपरषिद में कहा, देवेंद्र फडणवीस और गिरीश महाजन को जेल में डालने का उनका प्लान था. उन्होंने औरंगजेब के विचार अपनाए, लेकिन मैंने उन्हें छोड़ दिया. इसलिए मेरे साथ 60 लोग आए, मैंने हिंदुत्व की सरकार बनाई. आप सिर्फ 20 लोगों को ही चुनवा पाए. एक अंदर की बात बताता हूं, उनके प्रमुख मोदी से मिलने गए और माफी मांगने लगे कि हमें बचा लो.

### मैं शेर का बच्चा हूं

उद्धव की पार्टी के नेता अनिल परब को निशाने पर लेते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, आप भी दिल्ली गए थे और वहां जाकर माफी मांगी और राज्य में वापस आकर पलटी मार ली. मैं शेर का बच्चा हूं, 80 सीटों पर लड़ा और 60 सीटें जीतीं. अनिल परब, आपकी सारी बातें मुझे पता हैं. नोटिस से डरकर कौन कहां गया, मुझे सब पता है. मैं नीचे बेल्ट वार नहीं करता. नोटिस आने के बाद आप कहां गए, मुझे पता है.

### उद्धव ने क्या कहा

उद्धव ठाकरे ने कहा, यह उनकी सरकार है. गृह मंत्री भी उन्हीं की पार्टी के हैं तो ये लोग क्या कर रहे हैं? ये किसकी जिम्मेदारी है? हमें हिंदुत्व सिखाने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे हिंदुत्व पर सवाल उठा रहे हैं. हिम्मत है तो अपने झंडे का हरा रंग दिखाकर दिखाओ. औरंगजेब, जिसका जन्म गुजरात में हुआ था और जो महाराष्ट्र आया और उसने महाराष्ट्र को जीतने की कोशिश की. लेकिन हमारे आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज ने उन्हें जीतने नहीं दिया और उनकी समाधि महाराष्ट्र में बनाई गई.

## 107 वाहन मनपा ने किए जब्त

**नवी मुंबई.** शहर की सफाई में बाधा डाल रहे लावारिस वाहनों के खिलाफ मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत 66 दोपहिया, 34 चार पहिया और 7 रिक्शा व टेंपो सहित 107 विभिन्न प्रकार के लावारिस वाहनों को जब्त किया गया. इस दौरान दोषी पाए गए वाहन मालिकों और चालकों से 88 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया. गौरतलब है कि नवी मुंबई शहर में कई स्थानों पर सड़कों के किनारे और फुटपाथों पर लंबे समय से वाहन खड़े किए गए थे, जिससे वहां पर सड़कों और फुटपाथों की सफाई करना असंभव हो गया था. इससे नवी मुंबई की स्वच्छता पर असर पड़ रहा है.

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भिवंडी द्वारा

# औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर आंदोलन



- भिवंडी प्रांत अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा निवेदन

**भिवंडी.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भिवंडी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग करते हुए भिवंडी प्रांत अधिकारी को लिखित ज्ञापन दिया है. ज्ञापन में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह संभाजी नगर जाकर कार सेवा करके औरंगजेब की कब्र को नष्ट कर देंगे. अपनी मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल भिवंडी के कार्यकर्ताओं ने भिवंडी के छत्रपति शिवाजी चौक पर औरंगज़ेब की कब्र हटाने के लिए आंदोलन किया.

हम सब आपसे अनुरोध करते हैं कि इस कब्र को पूरी तरह से नष्ट कर दें.अकर्मणकारियों का कोई भी उल्लेख नष्ट कर देना चाहिए. इस आवरण को पूरी तरह से हटा देना चाहिए और यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो ध्यान रखें कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल हिंदू समाज के साथ कार सेवा के लिए छत्रपति संभाजीनगर जाएंगे और औरंग्या की कब्र को नष्ट कर देंगे.

# मजदूर यूनियन चुनाव कराने को लेकर संघर्ष



**उल्हासनगर.** मुंबई उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद कंपनी में चुनाव न होने के लिए मजदूर यूनियन ने नाराजगी जताई है। कर्मचारियों ने मांग की है कि न्यायालय के निर्देशानुसार तुरन्त चुनाव कराने जाने की मांग कामगार समर्थक मोहन कंडारे ने की है.

सेंचुरी रेयान कंपनी में 2022 में हुए यूनियन के श्रमिक चुनाव में जीत हासिल करने वाली यूनियन के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि ये आरोप संगठन के एक पदाधिकारी द्वारा लगाए गए हैं और इस मामले की जांच वर्तमान में श्रम आयुक्त कार्यालय, ठाणे में चल रही है। संगठन का विरोध करने वाले समूह ने आरोप लगाया है कि जांच से बचने और सत्ता बरकरार रखने के लिए चुनाव में देरी करने की साजिश रची जा रही है। इस संबंध में सेंचुरी रेन वर्कर्स यूनियन ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 21 फरवरी को अदालत ने ठाणे श्रम आयुक्त को तत्काल चुनाव कराने का आदेश दिया। हालांकि आदेश के बाद भी अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। इससे यूनियन पदाधिकारियों ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन को तुरंत चुनाव कराने की चेतावनी दी है।

## समलैंगिक सम्बन्ध के दौरान 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मुंबई.** मुंबई के कालबादेवी इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां समलैंगिक सम्बन्ध के दौरान 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। लोकमान्य तिलक (एलटी) मार्ग पुलिस ने 34 वर्षीय आरोपी को लापरवाही से हुई मौत के आरोप में 17 मार्च को गिरफ्तार किया।

यह घटना फरवरी महीने में हुई थी। मृतक व्यक्ति अपने साथी के साथ समलैंगिक सम्बन्ध में शामिल था, इसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। लेकिन आरोपी ने उसे मेडिकल हेल्प देने की बजाय वहां से भागना बेहतर समझा। जब तक कोई मदद पहुंचती, तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी, भागने से पहले मृतक का मोबाइल फोन भी चुरा कर ले गया था।

# 'धर्मराजा' सामाजिक संस्था द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



- भोजपुरी गायक मोहन राठौर ने बांधा समां

**भिवंडी.** 'धर्मराजा' सामाजिक संस्था संस्थापक अध्यक्ष और लोकप्रिय पार्षद नीलेश चौधरी द्वारा राष्ट्रीय एकता, अखंडता,आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए भिवंडी रोड स्टेशन रोड स्थित राजाराम मंदिर प्रांगड़ के सामने रंगारंग होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन विधायक महेश चौगुले एवं भाजपा जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल सहित तमाम गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी में किया गया.रंगारंग होली मिलन समारोह में भोजपुरी लोक गीतकार मोहन राठौर, छोटका खेसारी लाल, ममता रावत सहित आर्केस्ट्रा ग्रुप और अन्य सिंगरों ने अपनी गायकी और नृत्य से उपस्थित जन समूह का मनोरंजन कर जोशीला समां बांध दिया. प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायक मोहन राठौर ने दर्शकों के मध्य होली का गीत गाते हुए नृत्य कर हजारों लोगों को गीतों की धुन पर झूमने पर बाध्य कर दिया. होली मिलन समारोह में विधायक महेश चौघुले, भाजपा भिवंडी शहराध्यक्ष हर्षल पाटिल, शिवसेना नेता संतोष शेट्टी,हनुमान चौधरी, नितेश एंकर,राजू गाजेंगी, महेश जगताप, एड व्यंकटेश चिटकन, कल्पेश ठाकुर, विराज पवार, प्रेम तिवारी, उ.भ.मो. शहराध्यक्ष मंगेश यादव, प्रवीण मिश्रा, बालमुकुंद शुक्ला, अनिल केसरवानी, दीपक झा,पीड़ी यादव,ओमकार पांडे आदि भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित थे.होली मिलन आयोजक पूर्व पार्षद भाजपा नेता नीलेश चौधरी और सामाजिक संस्था धर्मराजा के पदाधिकारियो ने सभी गणमान्य अतिथियों का गमछा पहनाकर स्वागत किया किया.

|| हरी ॐ ||

|| चौथा ||

(पगड़ी रसम)



गुरु गुलराज साहेब कुट्टया की राज माता

स्व. श्रीमती कविता सीरवानी

दीपक (टोनी साईं) सीरवानी जी की माता जी

इनकी पगड़ी रसम 20-03-2025 को शाम 5 से 6 बजे तक रखी गई है

महिलाओं के लिए

गुरु गुलराज साहेब कुट्टया, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3

पुरुषों के लिए,

स्वामी धर्मदास दरबार, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3

(केवल वॉक-इन)

सेवा में:

गुरु गुलराज साहेब सवा समिति

# डॉ.प्रशांत सिनकर को ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी से मानद डॉक्टरेट की उपाधि

### पत्रकारिता एवं पर्यावरण विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**ठाणे.** डॉ. प्रशांत रेखा से रवीन्द्र सिनकर को अमेरिका में ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी ने पत्रकारिता और पर्यावरण विज्ञान में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है।पत्रकारिता के माध्यम से डॉ. सिनकर पिछले 26 वर्षों से पर्यावरण जागरूकता के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। उनके काम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नोटिस किया गया है।उन्हें अब तक कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।उनके काम की मान्यता में, संयुक्त राज्य अमेरिका में ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी ने डॉ. सिनकर को सम्मानित किया है।

#### पर्यावरण संरक्षण में कार्य

डॉ. प्रशांत सिनकर ने मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों के शहरी, ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जल और पर्यावरण संरक्षण पर पत्रकारिता की है।उनके पत्रकारिता प्रभाव ने कई स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण पुनरोद्धार की पहल को प्रेरित किया है।



#### उनके उल्लेखनीय कार्यों के कुछ उदाहरण

उन्होंने अपनी पत्रकारिता के माध्यम से तलसारी तालुका के धांगड़पाड़ (आदिवासी पाड़ा) में पानी की गंभीर कमी का मुद्दा उठाया। उनकी खबर के बाद रोटरी क्लब और एलएंडटी फाउंडेशन की मदद से 100 फीट गहरी झील का निर्माण कराया गया।

नदी संरक्षण के लिए कोंकण सखारप्या में काजली नदी या कल नदी से गाद निकालने की खबर को सराहा गया। और ऐसी खबरों से ही पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण आंदोलन की शुरुआत हुई. 'नदी की पाठशाला' पहल के तहत राज्य की 10 से 15 नदियों के संरक्षण का काम शुरू किया गया है।

#### महत्वपूर्ण पुरस्कार एवं सम्मान

डॉ.प्रशांत सिंनकर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।कुछ प्रमुख पुरस्कारों में महाराष्ट्र सरकार का शिम परांजपे पुरस्कार, नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण परिषद में इको-2013 पुरस्कार, भारत रत्न राजीव गांधी पर्यावरण भूषण पुरस्कार, ठाणे नगर निगम का ठाणे गुनीजन, ठाणे गौरव, पश्चिम बंगाल में नव्या फाउंडेशन का राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान 2023, हिंदुस्तान न्यूज़ नेटवर्क का ₹नेशनल आइकन, वर्ल्ड अचीवर बुक (इंटरनेशनल), इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्डस₹ शामिल हैं।

## रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार जज को जमानत देने से इंकार किया

**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार सेशन कोर्ट के जज को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। राज्य एसीबी ने सातारा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश 45 वर्षीय धनंजय निकम पर धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत देने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया है। निकम ने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। न्यायमूर्ति एनआर बोरकर ने मामले की सुनवाई चैंबर में की क्योंकि मामला न्यायिक अधिकारी से जुड़ा था.

# अमरूद बेचने वाली महिला से इंप्रेस हुईं प्रियंका चोपड़ा

- तारीफ में शेयर किया वीडियो, बोलीं- उसे मुफ्त में पैसे नहीं चाहिए था

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म शूटिंग के लिए वे पिछले कुछ दिनों से ओडिशा में थीं। ओडिशा से मुंबई रवाना होने के दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ कि वो खुद को इंस्पायर महसूस कर रही हैं। और उन्होंने वो वाकया अपने फैंस से सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया है।



दरअसल, अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर करके बताया कि ओडिशा में उनके पिछले कुछ दिन कैसे गुजरे।

एक वीडियो में प्रियंका कैमरे से बात करते हुए कहती हैं, तो मैं ऐसा अक्सर नहीं करती लेकिन आज मैं बहुत प्रेरित हुई। मैं मुंबई से न्यूयॉर्क जाने के लिए विशाखापत्तनम हवाई अड्डे की ओर जा रही थी। और मैंने एक महिला को अमरूद बेचते हुए देखा। मुझे कच्चे अमरूद बहुत पसंद हैं। तो मैंने उसे रोका और पूछा, ये सारे अमरूद कितने के हैं? उसने कहा 150 रुपए।

मैंने उसे 200 रुपए दिए। वो मुझे चेंज लौटाने की कोशिश कर रही थी। मैंने कहा, तुम रख लो। जाहिर है वह अमरूद बेचकर अपना गुजारा करती थी। वह थोड़ी देर के लिए चली गई लेकिन लाल बत्ती हरी होने से पहले वह वापस आई और मुझे दो और अमरूद दे गई। एक कामकाजी महिला, उसे दान नहीं चाहिए था। यह बात मुझे बहुत प्रभावित कर गई।

## चोर नहीं तोड़ पाए एटीएम मशीन

**नवी मुंबई।** खंडेश्वर पुलिस दो अज्ञात संदिग्धों की तलाश कर रही है, जिन्होंने खांडा कॉलोनी के सेक्टर 8 में बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम सेंटर में एटीएम और कैश डिपॉजिट मशीन तोड़ने की कोशिश की। चोर नकदी चुराने में विफल रहे और खाली हाथ भाग गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध एटीएम सेंटर में घुसे और लोहे की रॉड से एटीएम और कैश डिपॉजिट मशीन को जबरन खोलने की कोशिश की। अपने प्रयासों के बावजूद, वे अंदर नकदी तक नहीं पहुंच पाए।

STAFF

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT

&

For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

JHULELAL TRUST SCHOOL AND JUNIOR COLLEGE
PREMCHAND PESSUMAL MARG,UNR-421002

WE'RE HIRING



- Sports Teacher
- Hindi & Marathi Teacher
- English & Social Teacher
- Maths & Science Teacher

REQUIREMENT
Qualifications:- Graduates/postgraduates with B.Ed/D.Ed
Experience:-2-3 Years in Teaching
Curriculum :- CBSE
Skills:- Good Communication skills,Good knowledge of technology,Child centric methodology

Join Us Now

Send Your Resume jhulelalschool@gmail.com
Our Website www.jhulelaltrustschool.com

Interested candidates can drop their resumes at our school office during working hours

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099